लगाए। रही है। सेवाएं और योजनाओं की लो

विशेष बच्चों को टी-शर्ट और व्हीलचेयर भेंट

» एसबीटी न्यूज

श्रीगंगानगर। नवचेतना बहुदिव्यांग संस्थान में डेफ ब्लाइंड प्रोजेक्ट के तहत सेवा प्रकल्प आयोजित किया गया। संस्थापक और कोषाध्यक्ष ओम बवेजा ने बताया कि संस्थान में संचालित सेन्स इंटरनेशनल इंडिया के स्पर्श डेफ ब्लाइंड रिसोर्स सेंटर की फ डिंग एजेंसी मुकुल माधव फ ाउंडेशन ने बधिरान्ध और बहुदिव्यांग बच्चों को टी-शर्ट वितरित की।

फ ाउंडेशन प्रतिनिधि चंद्रशेखर ने बच्चों को उपहार प्रदान किए। नियमित दानदाता इंजीनियर विश्वबन्धु गुप्ता ने बहुदिव्यांग बच्चों की सुविधा के लिए दो व्हीलचेयर भेंट कीं। नवचेतना सोसायटी ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बच्चे, स्टाफ सदस्य और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।